केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के अधीन उपचार कराने वाले व्यक्तियों की संख्या

134. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के अधीन कितने व्यक्तियों का इलाज किया गया;

(ख) औषधियों की खरीद पर कुल कितना रुपया खर्च किया गया; और

(ग) उपर्युक्त अवधि के दौरान वर्षवार प्रति-व्यक्ति कितना खर्च किया गया?

परिवार कल्याण विभाग में उपमंत्री (श्री एस. कृष्ण कुमार) : (क) से (ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के अन्तर्गत उपचार किए गए व्यक्तियों की संख्या, दवाइयों की खरीद पर किया गया खर्च और प्रति व्यक्ति खर्च का एक विवरण मंलग्न है ।

विवरण

	1982–83	1983–84	1984–85
1. सी.जी.एच.एस. के अन्तर्गत इलाज किये गये व्यक्तियों की संख्या	16652764	16973153	15875588
2. दिल्ली में सी.जी.एस.एस. के अन्तर्गत इलाज किये गये व्यक्तियों की संख्या	8649947	8740403	8011554
3. दवाइयों की खरीद पर खर्च	*912.89	†949.08	†1491.41
4. दिल्ली में दवाइयों की खरीद पर खर्च	*480.49	*516.40	*895.14
5. प्रति लाभार्थी औसत लागत	†74	†77	†94
6. दिल्ली में प्रति व्यक्ति लागत	84	83	04

नोट :—रूपये लाखों में (*)
रूपयों मे (†)

अन्धापन, बहरापन, कुष्ठ, यक्षमा, रक्तहीनता और यौन-रोगों से ग्रस्त व्यक्तियों की संख्या

135. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में अन्धापन, बहरापन, कुष्ठ, यक्षमा, रक्तहीनता और यौन रोगों से ग्रस्त व्यक्तिगों की संख्या कितनी रही; और

(ख) इन रोगों की रोकथाम के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं ?

परिवार कल्याण विभाग में उप-मंत्री (श्री एस. कृष्ण कुमार): (क) सूचना नीचे दी गयी है :—

(1) **दृष्टिहीनता :** भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा 1971-73 में किए सर्वेक्षण के अनुसार देश में दृष्टिहीन व्यक्तियों की संख्या अनुमानतः 90 लाख है । इस समस्या की व्यापकता को आंकने के लिए एक ताजा सर्वेक्षण करने की योजना बनाई जा रही है । इस सर्वेक्षण के पूरा होने के पश्चात् सन् 2000 ई. तक दृष्टिहीनता की व्यापकता का पता लगाना संभव हो सकता है ।